रेलवे मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) और (ख). गुजरात सरकार के कहने पर पालनपुर के पास वर्तमान समपार नं० १६८ की जगह ऊपरी सड़क-पुल (Road Over-Bridge) बनाने की योजना अन्तिम रूप से रेलवे के १९६३–६४ के निर्माण-कार्यक्रम में शामिल कर ली गयी है । इस निर्माण-कार्य का ब्योरेवार डिजाइन और इसके नक्शे अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजे जा चुके हैं । राज्य सरकार से इन आयोजनाओं और इनकी अनुमानित लागत का अनुमोदन और अपने हिस्से का खर्च देने की स्वीकृति मिलते ही यह काम शुरू कर दिया जायेगा ।

भिलड़ी रानीवाडा लाइन

१७३७. { श्रीमती चावडा :
श्री वाडीवा :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भिलड़ी और रानीवाड़ा रेलवे स्टेशनों (ब्रांच लाइन, उत्तर रेलवे) के बीच किराया दर मुख्य लाइन के किराये दर से दुगनी है ; और

(ख) ये दरें कब से चालू हैं ; और कब तक चालू रहेंगी ?

रेलवे मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) रानीवाड़ा-भीलड़ी सेक्शन पर यात्रियों से बढ़ायी हुई दूरी के आधार पर किराया लिया जाता है । यह वृद्धि वास्तविक दूरी पर ६० प्रतिशत है ।

(ख) रानीवाड़ा-भीलड़ी सेक्शन पर प्रभार्य दूरी (chargeable distance) में यह वृद्धि ११–११–५७ से की गयी है, जब यह लाइन यातायात के लिए खोली गयी ।

प्रभार्य दूरी में यह वृद्धि संभवतः तब तक कायम रखनी पड़े जब तक कि इस सेक्शन पर यातायात पर्याप्त मात्रा में विकसित न हो जाय और सामान्य भाड़ों और किरायों के आधार पर इस लाइन से आमदनी न होने लगे ।

Flag Railway Station at Kalyanpur

1738 Shri B. N. Kureel: Will the Minister of Railways be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1087 on the 6th March, 1961, and state the progress since made in regard to the opening of a Flag Railway Station at Kalyanpur between Lachhmanpur and Unchahar Railway Stations in District Rae Bareli (U.P.)?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri S. V. Ramaswamy): The finalisation of land acquisition proceedings is in progress.

अखिल भारतीय गोवर्धक सेवा संघ

१७३९. { श्री प० ला० बारूपाल :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री रतन लाल :
श्री घुलेश्वर मीना :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अखिल भारतीय गोवर्धक सेवा संघ को भारत सरकार की ओर से सन् १९६० से १९६३ तक प्रति वर्ष कितनी आर्थिक सहायता दी गई ;

(ख) क्या उक्त संघ ने राजस्थान के बीकानेर जिले में गायों की नस्ल सुधारने और दूध उत्पादन में वृद्धि करने के सम्बन्ध में सरकार के सामने कोई योजना पेश की है और यदि हां, तो यह योजना किस प्रकार की है ; और

(ग) इस योजना पर कितने रुपये खर्च किये जायेंगे ?

खाद्य तथा कृषि मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री अ० म० थामस) : (क) से (ग). अखिल भारतीय गोवर्धक सेवा संघ ने भारत